राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः— एफ.2 (क) (एस—310) अलेसे— I/ 550 दिनांकः— 04/11/19

## कार्यालय आदेश

शासन संयुक्त सचिव, शिक्षा (ग्रुप—6) विभाग के आदेश क्रमांक प.1(41)शिक्षा—6/2017 दिनांक 28.05.2019 द्वारा प्रशासनिक कारणों से श्री शिवचरण सिंहल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड— I, कार्यालय—वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन अकादमी, जयपुर को दिनांक 28.05.2019 को मध्यान्ह् पश्चात् कार्यमुक्त कर इस विभाग में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया, जिसके कम में श्री सिंहल द्वारा दिनांक 29.05.2019 को इस विभाग में उपस्थिति प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात् इनका पदस्थापन विभागीय आदेश संख्या 405/2019—20 दिनांक 31.05.2019 द्वारा वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त—जे, वाणिज्य कर विभाग, जयपुर में किया गया, जिसकी अनुपालना में इनके द्वारा दिनांक 31.05.2019 को ही मध्यान्ह् पश्चात् उक्त कार्यालय में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई। सचिव, वंशावली संरक्षण एवं संवर्द्धन अकादमी, जयपुर के पत्र क्रमांक 18 दिनांक 17.06.2019 के अनुसार श्री सिंहल द्वारा माह मार्च, अप्रैल एवं दिनांक 28.05.2019 तक का वेतन आहरित नहीं किया गया है। श्री सिंहल दिनांक 29.05.2019 से 31.05.2019 तक निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में रहे है।

अतः श्री सिंहल के माह मार्च, अप्रैल एवं मई, 2019 (दिनांक 29.05.2019 से 31.05.2019 की आदेशों की प्रतीक्षा अवधि सहित) का वेतन कार्यालय वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, राजस्थान जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबंध मण्डल, जयपुर में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड— I के रिक्त पद के विरूद्ध आहरण करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः— एफ.2 (क) (एस—310) अलेसे— I/ 550 दिनांकः— 04/11/19

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—**

1 वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, राजस्थान जल प्रदाय एवं सीवरेज प्रबंध मण्डल, जयपुर को प्रेषित कर अनुरोध है कि श्री शिवचरण सिंहल, स.ले.अ. ग्रेड—I के उक्त अवधि के वेतन आहरण की व्यवस्था करावें।
2 वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त—जे, वाणिज्य कर विभाग, जयपुर।
3 श्री शिवरण सिंहल, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड—I, कार्यालय वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त—जे, वाणिज्य कर विभाग, जयपुर।
4 उपनिदेशक(एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5 अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6 निजी पत्रावली।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—I)